ZEE राजस्थान

**Alwar News: नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार**



**Tijara, Alwar News:** राजस्थान के तिजारा जिले के ततारपुर में आबकारी विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नकली शराब बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है.

इस कार्रवाई में भारी मात्रा में नकली देशी शराब की पेटियां बरामद की गई है. साथ ही नकली शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला उपकरण और सामग्री भी जब्त की गई है. इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे नकली शराब के इस गोरखधंधे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/rajasthan/alwar/alwar-tijara-fake-liquor-factory-busted-one-arrested/1744291585646